Thirteenth Loksabha

Session : 9
Date : 30-04-2002

Participants : Rai Shri Nawal Kishore

>

Need to set up agro-industries to generate more employment in the State–Laid.

श्री नवल किशोर राय (सीतामढ़ी): सभापति जी, बिहार राज्य का निवासी देश का वह नागरिक है, जिसकी आय देश में सबसे कम है, किंतु निरक्षरता के क्षेत्र में वह सबसे आगे खड़ा है। रोजगार पाने वाले लोगों में वह पीछे है पर गरीबी की रेखा के नीचे जीने वाले लोगों की संख्या में वह आगे है। विकास के लिए आवश्यक बिजली, पानी, सड़क, संचार साधन इस प्रदेश में अत्यंत ही सीमित हैं। इसी कारण विकास की दौड़ में यह राज्य देश के अन्य राज्यों के साथ पीछे खिसक जाता है।

मेरा सुझाव है कि इस प्रदेश में रोजगार उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए और वह रोजगार बिहार राज्य के नागरिक की योगयता, क्षमता और सामर्थ के अनुसार ही होने चाहिए। अतः पारम्परिक उद्योग जैसे हथकरघा उद्योग और कृाि से जुड़े उद्योग, पशुपालन सहित अन्य खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहन देना होगा।

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि इस राज्य को पिछड़ा क्षेत्र घोाित करें तथा यहां उपरोक्त उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहन देने के लिए योजना घोाित करें।